छत्तीसगढ़ के खेलो इंडिया सेंटर के लिये खेल संचालनालय और साई के मध्य हुआ एम.ओ.यू.

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ के 24 खेलो इंडिया सेंटर के लिये खेल संचालनालय और साई के मध्य एम.ओ.यू. हुआ। खेल संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक विष्णु सुधाकर ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधिकरण ने छत्तीगढ़ में 24 ज़िलों के विभिन्न खेलों के लिये 24 खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति 3 चरणों में दी है।
- प्रथम चरण में नारायणपुर में मलखंभ, बीजापुर और शिवतरई बिलासपुर में तीरंदाजी, गरियाबंद में वॉलीबाल, सरगुजा में फुटबॉल, जशपुर और राजनांदगाँव में हॉकी सेंटर की स्वीकृति दी गई। प्रत्येक सेंटर के लिये 7 लाख रुपए जारी किये गए थे।
- द्वितीय चरण में 7 ज़िले जिसमें बालोद में वेटलिफ्टिंग, बलौदाबाज़ार में फुटबॉल, पाटन दुर्ग में कबड्डी, रायपुर में वेटलिफ्टिंग, रायगढ़ में बैडमिंटन, सुकमा में फुटबाल और कांकेर में खो-खो के सेंटर की स्वीकृति दी गई है।
- इसी प्रकार तृतीय चरण में 10 ज़िले जिसमें बस्तर में हॉकी, धमतरी में कुश्ती, जांजगीर-चांपा में हॉकी, कोरबा और बलरामपुर में फुटबॉल, बेमेतरा में कबड्डी, दंतेवाड़ा में तीरंदाजी, महासमुंद में तीरंदाजी, मुंगेली और सूरजपुर में फुटबाल के खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति मिली है।
- शेष 9 ज़िलों में से 4 ज़िलों-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कोंडागाँव, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और सक्ती के लिये खेल संचालनालय के द्वारा प्रस्ताव साई को भेज दिया गया है और शेष 5 ज़िलों का प्रस्ताव जल्द ही खेल संचालनालय द्वारा भेजा जाएगा।
- गौरतलब है कि खेलो इंडिया सेंटर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा वित्तीय सहायता दिया जाता है। यहाँ पर खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

//